POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 28.12.2024

1.थाना सेक्टर 63 पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार व निशादेही पर फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश करते हुये अन्य 02 अभियुक्त कुल 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से कॉल सेंटर में उपयोग किये जाने वाले उपकरण बरामद।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 28.12.2024 को थाना सैक्टर 63, नोएडा पुलिस व लोकल इंटेलीजेंस एवं इलैक्ट्रानिक सर्विलांस के आधार पर गैंगस्टर एक्ट में नामित/वांछित चल रहा अभियुक्त रिहान पुत्र मोहम्मद मासूक को गौर सिटी थाना क्षेत्र बिसरख, नोएडा से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्त रिहान ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह नौकरी के लिए आवेदन करने वाले बेरोजगार युवाओ का SHINE.COM से डाटा क्रय कर एवं उन्हे कॉल करके नौकरी एवं लाईफ टाईम मैम्बरशिप के लिए रजिस्ट्रेशन कराने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले कॉल सेंटर का कार्य अपने साथियो 1-अमित सिंह 2-दीपांशु त्यागी के साथ करता है। अभियुक्त रिहान उपरोक्त की निशादेही से कॉल सेन्टर का पर्दाफाश करते हुये अभियुक्त अमित सिंह व दीपांशु को प्रयोग किये जो रहे उपकरण 01 लैपटाप, 06 मॉनीटर, 06 सीपीयू, 06 माउस, 06 की-बोर्ड, 05 फोन की-पैड (भिन्न भिन्न कम्पनी), 01 फोन वीवो कम्पनी, 04 नोट पैड, 01 रिज्यूम, 01 राऊटर फ्यूजन नेट कम्पनी, सहित पंचम तल गौर सिटी मॉल थाना क्षेत्र बिसरख, नोएडा से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त रिहान उपरोक्त को वर्ष-2023 में भी थाना सैक्टर 63, नोएडा पुलिस द्वारा फर्जी कॉल सेंटर संचालित कर SHINE.COM से डाटा क्रय कर नौकरी के लिए आवेदन करने वाले युवाओ को कॉल करके उन्हे नौकरी एवं लाईफ टाईम मैम्बरशिप के लिए रजिस्ट्रेशन कराने के नाम पर फीस लेकर धोखाधडी करने के जुर्म में एक मूर्ति के पास स्काई गार्डन टी-9 फ्लैट नं0 1404 थाना क्षेत्र बिसरख नोएडा से गिरफ्तार कर दिनांक 04.06.2023 को जेल भेजा गया था तथा इसी वर्ष-2024 में गैंगस्टर एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया था जिसमें अभियुक्त वांछित चल रहा था। वर्तमान में गिरफ्तार अभियुक्त रिहान उपरोक्त अपने अन्य दो नये साथियो के साथ मिलकर पुनः पूर्व का अपराध कारित कर रहा था।

घटनाक्रम की विवरण-- गिरफ्तार अभियुक्तगण उपरोक्त से पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि हम तीनो लोग मिलकर करीब 01 माह पूर्व से यहां गौर सिटी मॉल के पॉचवे तल

पर आर0के0 इन्टरप्राईज के नाम से एक ऑफिस चला रहे थे। हम लोग SHINE.COM से डाटा क्रय कर नौकरी के लिए आवेदन करने वाले युवाओ का नाम, पता व मोबाइल नम्बर प्राप्त कर लेते थे। उसके बाद हम लोग उन्हे कॉल करके उनको नौकरी एवं लाईफ टाईम मैम्बरशिप रजिस्ट्रेशन कराने के लिए कहते थे, जिस पर वे तैयार हो जाते थे। उसके बाद प्रत्येक युवक से रजिस्ट्रेशन के नाम पर 1900/-रूपये धोखाधड़ी करके ऑनलाईन माध्यम से अपने खाते में ट्रांसफर करा लेते थे तथा पैसा प्राप्त कर लेने के बाद रजिस्ट्रेशन कराने वाले व्यक्तियों का फोन उठाने पर हम लोग बहाना बनाते रहते थे और अब तक हम लोगो ने किसी की नौकरी नही लगवायी है। युवाओ से धोखाधड़ी कर लिया गया पैसा हम लोग आपस में बाँट लेते है। गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि हमारे सेंटर का एक अन्य डायरेक्टर है जो अभी बाहर गया हुआ है। अभियुक्तगण द्वारा SHINE.COM में 01 अन्य व्यक्ति से 25 हजार आवेदको का डाटा 01 लाख 20 हजार रूपये में क्रय किया गया है। अभियुक्त रिहान उपरोक्त एक शातिर किस्म का अपराधी है, जो जगह बदल-बदलकर अपने ऑफिस स्थापित करता है तथा अपने साथियो के साथ मिलकर बेरोजगार युवाओ के साथ उक्त तरीके से धोखाधडी करता है। उक्त कॉल सेंटर के डायरेक्टर एवं SHINE.COM के एक अन्य व्यक्ति के बारे में भी जानकारी कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--

1. रिहान पुत्र मोहम्मद मासूक निवासी ग्राम गोरिया कला थाना बेहटा मुजावर जनपद उन्नाव हाल पता ग्रीन व्यू वसुन्धरा सै0 17 थाना इन्दिरापुरम गाजियाबाद (उम्र करीब 28 वर्ष) (कॉलर/ गैंगस्टर एक्ट में वांछित)
2. अमित सिंह सिसौधिया उर्फ अमित राणा पुत्र नरेश निवासी सिवाया थाना धौलाना जिला हापुड़ हाल पता वेव सिटी फ्लैट नं0 121 ड्रीम होम्स टावर नं0 07 थाना वेव सिटी, गाजियाबाद (उम्र करीब 24 वर्ष) (डायरेक्टर)
3. दीपांशु त्यागी पुत्र कृष्ण त्यागी निवासी म0नं0 393 राधेश्याम बिहार फेस 1 थाना मुरादनगर कमि0 गाजियाबाद (उम्र 30 वर्ष) (कॉलर)

अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहास--

A. गैंगस्टर अभियुक्त रिहान उपरोक्त--

1. मु0अ0सं0 597/2024 धारा 318(4)/316(2) बीएनएस व धारा 66 डी आईटी एक्ट थाना सैक्टर 63, नोएडा
2. मु0अ0सं0 569/2024 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना सैक्टर 63, नोएडा
3. मु0अ0सं0 152/2023 धारा 420/406/467/468/471/34 भादवि थाना सैक्टर 63, नोएडा

B. अभियुक्त अमित सिंह उपरोक्त--

1. मु0अ0सं0 597/2024 धारा 318(4)/316(2) बीएनएस व धारा 66 डी आईटी एक्ट थाना सैक्टर 63, नोएडा

C. अभियुक्त दीपांशु त्यागी उपरोक्त--

1. मु0अ0सं0 597/2024 धारा 318(4)/316(2) बीएनएस व धारा 66 डी आईटी एक्ट थाना सैक्टर 63, नोएडा

बरामदगी का विवरण--

1. 01 लैपटाप लेनोवो
2. 06 मॉनीटर डैल कम्पनी
3. 06 सीपीयू एचपी
4. 06 माऊस
5. 06 की-बोर्ड
6. 05 फोन की-पैड (भिन्न भिन्न कम्पनी)
7. 01 फोन वीवो कम्पनी
8. 04 नोटपैड
9. 01 रिज्यूम
10. 01 राऊटर फ्यूजन नेट कम्पनी